रामसुन्दर एम, भा0व0से0
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सारण वन प्रमंडल, छपरा

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
सारण, छपरा।

विषय – प्रवासी पक्षी के संरक्षण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रवासी पक्षियों को मारने से संबंधित परिवाद पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। तद्आलोक में इस कार्यालय के ज्ञापांक–2402 दिनांक–12.12.2023 द्वारा संबंधित वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, दिघवारा को प्रवासी पक्षियों के मारने से संबंधित शिकायत की जांच पड़ताल कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया।

वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, दिघवारा अपने पत्रांक–350 दिनांक–14.12.2023 द्वारा जांच प्रतिवेदन समर्पित किया जिसमें बताया कि ग्राम0+पो0–टरवाँ मंगरपाल, थाना+प्रखंड–दरियापुर, सारण के मठककड़ा गाँव से पश्चिम में बहुत बड़ा तालाब है जो हल्दीया चौर के नाम से जाना जाता है का दिनांक – 11.12.2023 को स्थलीय निरीक्षण वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, दिघवारा, श्री भीम कुमार, वनपाल, श्री मदन कुमार, वनरक्षी सह प्रभारी वनपाल, श्री शिवेन्द्र शेखर एवं श्री अमन कुमार शर्मा वनरक्षी द्वारा किया गया जिससे यह पता चला कि उस तालाब में मत्स्य विभाग, सारण द्वारा मत्स्य पालन हेतु प्रत्येक वर्ष दरियापुर प्रखंड मत्स्य जीवी सहयोग समिति द्वारा अनुमति दी जाती है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, दिघवारा द्वारा स्थलीय निरीक्षण करते हुए वहाँ के स्थानीय मुखिया एवं दरियापुर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के मंत्री से तद्संबंधित मामलों में पूछताछ किया गया।

ग्राम पंचायत राज मगरपाल के मुखिया द्वारा बताया गया कि उनकी पत्नी श्रीमती रीता देवी मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, दरियापुर के मंत्री पद पर निर्वाचित हैं। इनके द्वारा शिकार संबंधी किसी भी गतिविधि में इनकी संलिप्तता नहीं है। शिकायतकर्ता को मछली पकड़ने के लिए डाक नहीं मिलने के वजह से शिकायतकर्ता द्वारा इस तरह की साजिस की जा रही है।

दरियापुर प्रखण्ड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, दरियापुर के मंत्री द्वारा बताया गया कि प्रवासी पक्षियों के शिकार की संबंध में किसी भी पट्टा दिये गये मछुआरा सदस्य की कोई संलिप्तता नहीं है। शिकायतकर्ता को टेंडर नहीं मिलने के वजह से शिकायतकर्ता द्वारा इस तरह की साजिस की जा रही है।

मगरपाल पंचायत के ग्रामीणों से पूछ–ताछ किया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि चिड़िया मारने से संबंधित कोई भी जानकारी हमें नहीं है। लोगों द्वारा यह भी बताया गया कि यदि इस तरह की घटना बड़े स्तर पर होती तो आम लोगों को इससे संबंधित जानकारी जरूर होती, परन्तु ऐसी कोई जानकारी हमें नहीं है। उक्त बयान पर सभी ग्रामीणों द्वारा अपनी सहमति से हस्ताक्षर किया गया है।

गश्ती दल द्वारा उक्त क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण (दिनांक – 06.12.2023, 09.12.2023, 10.12.2023 एवं 11.12.2023) एवं गश्ती किया गया, परंतु प्रवासी पक्षियों के शिकार से संबंधित कोई भी साक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ। इसके अलावे सोनपुर मेला में पक्षियों का क्रय–विक्रय ना हो को ध्यान में रखते हुए एक विशेष दल द्वारा चंवर के आसपास के इलाकों में निरंतर भ्रमण एवं गश्ती किया जा रहा है, परन्तु प्रवासी पक्षियों को मारने से संबंधित साक्ष्य अद्यतन अप्राप्त है।

दिनांक – 14.12.2023 को अधोहस्ताक्षरी के द्वारा हल्दीया चंवर का निरीक्षण किया गया, परन्तु प्रवासी पक्षियों को मारने से संबंधित साक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ।

इस कार्यालय के पत्रांक–2418 दिनांक–15.12.2023 द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सारण को प्रवासी पक्षियों के सुरक्षा एवं बचाव को देखते हुए विधिसम्मत कार्रवाई करने हेतु पत्राचार किया गया है। साथ ही सभी मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्यों के साथ प्रवासी पक्षियों के संरक्षण एवं पक्षी का शिकार दण्डनीय अपराध है से संबंधित जानकारियां देने हेतु बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण, अंचलाधिकारी सोनपुर, अनुमंडल पदाधिकारी, सोनपुर को उक्त स्थल पर सतत् निगरानी रखने हेतु निर्देश देने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक–1 वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, दिघवारा का जाँच प्रतिवेदन,
2 ग्राम पंचायत राज मगरपाल के मुखिया का स्पष्टीकरण,
3 दरियापुर प्रखण्ड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0, दरियापुर के मंत्री का स्पष्टीकरण,
4 GPS फोटोग्राफ्स,
5 इस कार्या0 का पत्रांक–2418, दि0–15.12.2023.

विश्वासभाजन,

(हस्ताक्षर) 19.12

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सारण वन प्रमंडल, छपरा।

ज्ञापांक– 2541 दिनांक– 19.12.2023

प्रतिलिपि– विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सारण, छपरा का पत्रांक–9441 दिनांक–23.12.2023 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 19.12

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सारण वन प्रमंडल, छपरा।

# सारण समाहरणालय, छपरा

(जिला गोपनीय शाखा)

| | |
|---|---|
| पत्रांक /सी | फोन नं0-06152-240001, 240002 |
| दिनांक फरवरी, 2024 | फैक्स नं0-06152-240006 |
| | ई-मेल- dm-saran.bih@nic.in |

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
जिला गोपनीय शाखा,
सारण, छपरा।

सेवा में,

अंचल अधिकारी,
सोनपुर, सारण।

विषय :- सरकारी तालाब की सतत् निगरानी करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक 729/सी, दिनांक 25.01.2024 का कृपया संदर्भ लें। उक्त पत्र द्वारा दरियापुर एवं सोनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सैकड़ों एकड़ भूमि में फैले सरकारी तालाब से प्रवासी पक्षियों को मारकर व्यवसाय करने के संदर्भ में तालाब की सतत् निगरानी करते हुए वन प्रमण्डल पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी महोदय को समय-समय पर अवगत कराने का निदेश दिया गया था, जो अद्यतन अप्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि इस संबंध में श्री दिनेश कुमार सुमन, पिता-स्व0 जगरनाथ प्रसाद, ग्राम+पो0-टरवाँ मगरपाल, थाना+प्रखण्ड-दरियापुर, जिला-सारण से पुनः आवेदन-पत्र प्राप्त हुआ है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

निदेशानुसार अनुरोध है कि उक्त तालाब की सतत् निगरानी करते हुए वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण एवं जिला पदाधिकारी महोदय को समय-समय पर अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(अनु0:-यथाउपर्युक्त)

विश्वासभाजन

ह0/-

विशेष कार्य पदाधिकारी,
जिला गोपनीय शाखा,
सारण, छपरा।

ज्ञापांक 1076 /सी0, छपरा दिनांक 8 / 2 /2024

प्रतिलिपिः- निदेशानुसार वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण वन प्रमण्डल, छपरा को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- निदेशानुसार अनुमण्डल पदाधिकारी, सोनपुर को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- निदेशानुसार अंचल अधिकारी, दरियापुर को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं समतुल्य कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी,
जिला गोपनीय शाखा,
सारण, छपरा।

456
12-02-24

# कार्यालय– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
## सारण वन प्रमंडल, छपरा, बिहार. 841301

बिहार सरकार

पत्रांक :359 दिनांक :15.02.24

प्रेषक

रामसुन्दर एम, भा०व०से०
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सारण वन प्रमंडल, छपरा

सेवा में,

वनों के क्षेत्र पदाधिकारी,
दिघवारा।

विषय – सरकारी तालाब की सतत् निगरानी करने के संबंध में।

प्रसंग – जिला पदाधिकारी, सारण का क्रमशः पत्रांक– 17, 18 एवं 19 तथा दिनांक– 06.02.2024 तथा विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सारण का ज्ञापांक– 1076 दिनांक– 08.02.2024.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का अवलाकेन करें। प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में ग्राम+पो0– टरवां मंगरपाल, थाना+प्रखंड– दरियापुर, सारण के मठककड़ा गाँव से पश्चिम में अवस्थित सरकारी तालाब से मछली मारने के बहाने जहर देकर प्रवासी पक्षियों को मारने से संबंधित परिवाद पत्र इस कार्यालय में प्राप्त होता रहा है। तद्संबंधित मामला में इस कार्यालय के ज्ञापांक– 2402 दिनांक– 12.12.2023 द्वारा जांच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया था। आपके द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक– 350 दिनांक– 14.12.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि परिवादी द्वारा परिवाद पत्र में उठाए गए बिंदुओं का साक्ष्य घटना स्थल पर प्राप्त नहीं हुआ।

ज्ञातव्य हो कि आपके द्वारा स्थलीय निरीक्षण के बाद भी तद्संबंधित मामला में प्रवासी पक्षियों को जहर देकर मारने से संबंधित शिकायत प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त हो रहे हैं। आपको उक्त घटना स्थल का सतत् निगरानी रखने एवं स्थलीय जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया था परंतु आपके द्वारा उक्त के संबंध में प्रतिवेदित नहीं करना खेद का विषय है।

अतः आपको पुनः निर्देश दिया जाता है कि आप स्वयं एवं आपके अधीनस्थ कार्यरत वनकर्मियों का एक दल बनाकर उक्त घटना स्थल पर जाकर तालाब की सतत् निगरानी करते हुए समय–समय पर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन
(signature)
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सारण वन प्रमंडल, छपरा
15/02/24

अनुलग्नक–यथोक्त।

175

# सारण समाहरणालय, छपरा

(जिला गोपनीय शाखा)

| | |
|---|---|
| पत्रांक /सी | फोन नं0-06152-240001, 240002 |
| दिनांक फरवरी, 2024 | फैक्स नं0-06152-240006 |
| | ई-मेल- dm-saran.bih@nic.in |

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
जिला गोपनीय शाखा,
सारण, छपरा।

सेवा में,

अंचल अधिकारी,
सोनपुर, सारण।

विषय :- सरकारी तालाब की सतत् निगरानी करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्रांक 729/सी, दिनांक 25.01.2024 का कृपया संदर्भ लें। उक्त पत्र द्वारा दरियापुर एवं सोनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सैकड़ों एकड़ भूमि में फैले सरकारी तालाब से प्रवासी पक्षियों को मारकर व्यवसाय करने के संदर्भ में तालाब की सतत् निगरानी करते हुए वन प्रमण्डल पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी महोदय को समय-समय पर अवगत कराने का निदेश दिया गया था, जो अद्यतन अप्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि इस संबंध में श्री दिनेश कुमार सुमन, पिता-स्व0 जगरनाथ प्रसाद, ग्राम+पो0-टरवाँ मगरपाल, थाना+प्रखण्ड-दरियापुर, जिला-सारण से पुनः आरोप-पत्र प्राप्त हुआ है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

निदेशानुसार अनुरोध है कि उक्त तालाब की सतत् निगरानी करते हुए वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण एवं जिला पदाधिकारी महोदय को समय-समय पर अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(अनु0:-यथाउपर्युक्त)

विश्वासभाजन

ह0/-

विशेष कार्य पदाधिकारी,
जिला गोपनीय शाखा,
सारण, छपरा।

ज्ञापांक 1076 /सी0, छपरा दिनांक 8 / 2 /2024

प्रतिलिपिः- निदेशानुसार वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण वन प्रमण्डल, छपरा को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- निदेशानुसार अनुमण्डल पदाधिकारी, सोनपुर को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः- निदेशानुसार अंचल अधिकारी, दरियापुर को अनुलग्नक की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं समतुल्य कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8/2/24

विशेष कार्य पदाधिकारी,
जिला गोपनीय शाखा,
सारण, छपरा।

456
12-02-24

Confidencial (968)

Annexure 07

# कार्यालयः– वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, दिघवारा वन प्रक्षेत्र, छपरा।

पत्रांक 69

प्रेषक,

दिनांक 19/2/2024

वनों के क्षेत्र पदाधिकारी,
दिघवारा वन प्रक्षेत्र, छपरा।

सेवा में,

वन प्रमंडल पदाधिकारी
सारण वन प्रमंडल, छपरा ।

विषय :– सरकारी तालाब की सतत् निगरानी करने के संबंध में।

प्रसंग :– श्रीमान् का पत्रांक 359 दिनांक 15.02.2024।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगिक पत्र के संबंध में सादर सूचित करना है, कि ग्राम + पो० – टरवॉ मंगरपाल , थाना + प्रखंड – दरियापुर , सारण के मठककड़ा गॉव सं पश्चिम अवस्थित सरकारी तालाब से मछली मारने के बहाने जहर देकर प्रवासी पक्षियों के मारने के संबंध में गत वर्षो से ही लगातर निगरानी का कार्य वन कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। अभी भी मेरे एवं अधीनस्थ वन कर्मियों द्वारा नियमति रूप से गश्ती कार्य जारी है। जिसकी सूचना श्रीमान् को भी दूरभाष के माध्यम से दिया जा रहा है। परंतु परिवादी द्वारा परिवाद पत्र में उठाये गये बिंदुओं का साक्ष्य अभी तक, मेरे एवं मेरे अधिनस्थ वन कर्मियों के द्वारा प्राप्त नही हुआ है।

श्रीमान् के द्वारा भी इस संबंध में वन कर्मियों को निगरानी हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। मेरे द्वारा भी अधीनस्थ वन कर्मियों से इस सबंध में जानकारी लेते हुए निगरानी हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। गश्ती की कुछ फोटो पत्र के साथ संलग्न कर समर्पित किया जा रहा है।

निर्देशानुसार पुनः गश्ती दल का गठन कर उक्त तालाब के आस पास चौर में गश्ती करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

विश्वासभाजन

19/2/24

वनों के क्षेत्र पदाधिकारी
दिघवारा वन प्रक्षेत्र, छपरा।

556
27.02.24

सेवा में
श्रीमान वन प्रमंडल पदाधिकारी
दिघवारा जल प्रमंडल, दिघवारा

द्वारा — अमित आनन्द

विषय — हरदिया चौर के सतत निगरानी के संबंध में।

प्रसंग — आपके कार्यालय का ज्ञापांक 64 दिनांक 16/2/2024 के संबंध में।

महाशय,

आदेश पूर्वक कहना है कि हरदिया चौर में स्थित सरकारी तालाब (कठरवा नदी) एवं जलाशयों के सतत निगरानी हेतु उक्त स्थल पर मेरे द्वारा नियमित गश्ती एवं छानबीन किया जा रहा है। छानबीन के आस-पास के ग्रामीणों से पूछताछ एवं स्थल की बेहतर ढंग से निगरानी की जा रही है। समय-समय पर वन विभाग के विभिन्न पदाधिकारी, बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं पक्षी विशेषज्ञों के द्वारा साथ भी स्थल का निरीक्षण किया गया है जिसमें परिवादी द्वारा परिवाद पत्र में उठाये गये बिंदुओं का [illegible] अभिलेख घटना स्पष्ट प्राप्त नहीं हुआ है।

अतः श्रीमान को सूचनार्थ हेतु समर्पित।

संलग्न — नियमित गश्ती के दौरान सरकारी तालाब के निरीक्षण के समय लिये गये फोटो GPS [illegible]

विश्वासभाजन
शिवेन्द्र [illegible]
वनरक्षी

**जिला स्तरीय आर्द्रभूमि प्राधिकरण की बैठक जिला पदाधिकारी, सारण, छपरा की अध्यक्षता में दिनांक– 21.08.2023 को समाहरणालय कक्ष में सम्पन्न हुई।**

उपस्थिति– पंजी में संधारित है।

कार्यवाही:–

वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव, जिला स्तरीय आर्द्रभूमि समिति, सारण, छपरा द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए जिला स्तरीय आर्द्रभूमि प्राधिकरण के गठन इसके उद्देश्यों एवं बैठक के प्रयोजन के बारे में बताया गया।

जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय आर्द्रभूमि समिति, सारण, छपरा द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य मे अवस्थित 24 आर्द्रभूमियों को आर्द्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के तहत् अधिसूचित करने के लिए भू–अभिलेख उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। सारण जिलान्तर्गत Aata Nagar एवं Mirzapur-Bahiyara आर्द्रभूमि से संबंधित भू–अभिलेख प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरण जलवायु परिवर्तन एवं आर्द्रभूमि, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जाना है।

1. इन आर्द्रभूमि क्षेत्रों मे कितने भू–भाग पर निजी व्यक्तियों के रैयती या अन्य स्वरूप में स्वामित्व/स्वत्व के अधिकार है तथा कितने भू–भाग पर ऐसा कोई अधिकार नहीं है, से संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराया जाय।

   **(अनुपालनः–अंचलाधिकारी, मशरख/इसुआपुर)**

2. इन चिन्हित् आर्द्रभूमि क्षेत्रों में सकल रूप से कितना रकबा सरकारी/राजकीय भूमि है, जो रैयती या निजी स्वामित्व/ स्वत्व के किसी अधिकार से मुक्त है, से संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराया जाय।

   **(अनुपालनः–अंचलाधिकारी, मशरख/इसुआपुर)**

3. इन आर्द्रभूमि क्षेत्रों मे मछुआरों/स्थानीय लोगों को मछली पकड़ने का अधिकार है अथवा नही, अगर हैं तो इसका विवरण उपलब्ध कराया जाय।

   **(अनुपालनः–जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण)**

4. वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण, छपरा द्वारा बताया गया कि आर्द्रभूमि क्षेत्रों में रहने वाले पक्षी तथा प्रवासी पक्षी का शिकार प्रतिबंधित है। इस संबंध मे लोगो को जागरूक करने हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाय।

   **(अनुपालनः–जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण/ जिला कृषि पदाधिकारी, सारण / जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सारण/ वनो के क्षेत्र पदाधिकारी, मशरख वन प्रक्षेत्र)**

5. बिहार राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की तृतीय बैठक की कार्यवाही मे चिन्हित् आर्द्रभूमियों को अधिसूचित करने हेतु जिला स्तर पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, जल संसाधन विभाग एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार की ओर से नामित

पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त क्षेत्र भ्रमण कर आर्द्रभूमि (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017 के अनुसार regulated एवं prohibited गतिविधियों का सुझाव जिला आर्द्रभूमि समिति को उपलब्ध कराया जायेगा। इस आलोक मे संबंधित विभागो द्वारा नामित पदाधिकारियों की सूची वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण, छपरा को उपलब्ध कराया जाय।

**(अनुपालनः–जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण/ कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, सारण, छपरा/ कार्यपालक अभियंता, लघु जल संसाधन, सारण, छपरा)**

6. आर्द्रभूमि तथा इसके आस–पास के क्षेत्रों मे पौधारोपण कराने हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण, छपरा द्वारा सुझाव भी दिया गया।

**(अनुपालनः–वनो के क्षेत्र पदाधिकारी, मशरख वन प्रक्षेत्र/ जिला परियोजना प्रबंधक, मनरेगा, सारण, छपरा)**

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
–सह–
सचिव, जिला स्तरीय आर्द्रभूमि
समिति, सारण, छपरा

*Annexure 09*

## दिनांक– 11.03.2024 को जिला पदाधिकारी, सारण की अध्यक्षता में आयोजित "जिला आर्द्रभूमि समिति" की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः– यथा पंजी

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष, जिला आर्द्रभूमि समिति–सह–जिला पदाधिकारी, सारण द्वारा समिति को अवगत कराते हुए आर्द्रभूमि की विशेषता एवं इसका पर्यावरण संरक्षण में महत्व से संबंधित जानकारी दी गयी। वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण द्वारा बताया गया कि जिला मे दरियापुर प्रखण्ड मे हल्दीया चंवर अवस्थित है। हल्दीया चंवर मे सालों भर पानी उपलब्ध रहता है। इस चंवर मे जल पक्षियों की विभिन्न प्रजाति अधिक संख्या मे पायी गयी है। आर्द्रभूमि मे प्रतिबंधित गतिविधियों से संबंधित विस्तृत जानकारी भी समिति के समक्ष रखा गया। वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण द्वारा समिति के उपस्थित सदस्यों के समक्ष हल्दीया चंवर को आर्द्रभूमि के रूप मे घोषित करने हेतु अधिसूचना प्रारूप को प्रस्तुत किया गया। समिति के सर्वसम्मति से हल्दीया चंवर को आर्द्रभूमि के रूप में घोषित करने हेतु अधिसूचना प्रारूप को प्रस्तुत किया गया। समिति के उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से हल्दीया चंवर को आर्द्रभूमि के रूप में घोषित करने हेतु प्रस्तुत अधिसूचना प्रारूप को अनुमोदित किया गया। जिला पदाधिकारी, सारण के द्वारा हल्दीया चंवर को पर्यावरण संरक्षण के दृष्टीकोण से विकसित किये जाने पर बल दिया गया।

**अन्त में सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।**

| | |
|---|---|
| वन प्रमण्डल पदाधिकारी<br>–सह–सदस्य सचिव,<br>जिला स्तरीय आर्द्रभूमि समिति,<br>सारण, छपरा | 16/3/24<br>जिला पदाधिकारी<br>–सह–अध्यक्ष,<br>जिला स्तरीय आर्द्रभूमि समिति,<br>सारण, छपरा |

**श्री अमन समीर, भा0प्र0से0, जिलाधिकारी, सारण द्वारा दिनांक 11.03.2024 को साप्ताहिक समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थिति : पंजी में संधारित है।

जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी तथा बिन्दुवार निम्न निदेश दिये गये :-

1. **जिला स्तरीय आद्रभूमि समिति –** सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक चिन्हित् आर्द्रभूमियों की पहचान, सीमांकन, नक्शा निर्माण, अतिक्रमण से मुक्ति एवं अन्य दावों के निष्पादन हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आद्रभूमि समिति का गठन किया गया है, जिसमें वन प्रमण्डल पदाधिकारी सदस्य सचिव सहित कुल 11 पदाधिकारी सदस्य के रूप में रहेंगे, जिसमें अपर समाहर्त्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियन्ता, लघु जल संसाधन, कार्यपालक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण, जिला मत्स्य पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पटना तथा अधोहस्ताक्षरी द्वारा नामित एक आर्द्रभूमि विशेषज्ञ रहेंगे। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रत्येक आर्द्रभूमि का संक्षिप्त दस्तावेज (brief document), wetland health card, integrated management plan, wetland mitra एवं boundry map of core and zone of influence को तैयार कर राज्य सरकार के स्तर से अधिसूचित किये जाने हेतु प्रतिवेदन भेजा जाना है।

जिलाधिकारी द्वारा पृच्छा करने पर वन प्रमण्डल, पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में संदर्भित कार्य हेतु दरियापुर प्रखण्ड अवस्थित हरदिया चंवर को चयनित किया गया है, जिसके सभी कार्य अंचलाधिकारी, दरियापुर के सहयोग से कराया जा रहा है।

इसके उपरान्त जिलान्तर्गत अवस्थित आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु जिलाधिकारी द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्यों का विवरण देते हुए सभी अंचलाधिकारियों को निदेश दिया गया कि जिले में उपलब्ध सभी जल निकायों यथा- झील, बील, चौर, मन, ताल, तलैया, पोखर इत्यादि नाम से आर्द्रभूमि क्षेत्रों तथा जलकर क्षेत्रों की सूचनाएँ जो भू-अभिलेखों पर आधारित है तथा धरती भूमि पर है, का संकलन करते हुए आर्द्रभूमियों का सीमांकन कर भू-अभिलेखों में इन्हें जल निकायों के नाम पर सरकार के भू-राजस्व खाता में पंजीकृत करना तथा सभी प्रकार के अतिक्रमण से इन्हें मुक्त कराना सुनिश्चित करें।

निदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार के आर्द्रभूमियों में पक्षियों का शिकार पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इस हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी आवश्यक कार्रवाई करना



16

सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिला मत्स्य पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि मत्स्य विभाग की विभिन्न समितियों की होनेवाली आगामी बैठकों में निश्चित रूप से वन प्रमण्डल पदाधिकारी को आमंत्रित करना सुनिश्चित करें ताकि उनके द्वारा उक्त बिन्दु के संबंध में समिति के सदस्यों को जागरूक किया जा सके।

बैठक के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार पानापुर में चकिया पंचायत अवस्थित सुरौंजा बाँध के पास गण्डक नदी के बीच में काफी विस्तृत रूप में एक शिल्ट का निर्माण हो गया है, जिस पर तरबूज की भी खेती की जाती है। उक्त स्थल को विकसित करने हेतु वन प्रमण्डल पदाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। अंचलाधिकारी, पानापुर को निदेश दिया गया कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर स्थलीय निरीक्षण के समय स्वयं उपस्थित रहकर पूर्ण रूप से आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

*(अनुपालनः वन प्रमण्डल पदाधिकारी/अपर समाहर्त्ता/जिला भू-अर्जन पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला पंचायती राज पदाधिकारी/जिला योजना पदाधिकारी/कार्यपालक अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग/कार्यपालक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण/जिला मत्स्य पदाधिकारी/अंचलाधिकारी,पानापुर)*

2. **प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना** – समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के 318 पंचायत के विरुद्ध अभी तक 295 पंचायतों से लाभुकों की सूची को संबंधित पंचायत स्तर (प्रथम स्तर) से निर्धारित पोर्टल पर अपलोड (Onboarded) किया गया है, शेष 23 पंचायत में लाभुकों की सूची के अपलोड (Onboarding) की प्रक्रिया तकनीकी कारणों से लंबित है। उक्त योजना की प्रगति के संबंध में पृच्छा करने पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, छपरा द्वारा बताया गया कि प्रथम स्तर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों से स्वीकृत 2569 आवेदनों में से द्वितीय स्तर पर ज़िला स्तर से 1177 आवेदनों का सत्यापन के उपरांत सूची राज्य स्तर पर अग्रसारित कर दी गयी है।

महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निदेश दिया गया कि वे प्रतिदिन 250 का लक्ष्य निर्धारित करते हुए लाभुकों की सूची अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगी। संदर्भित योजना के नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित उप विकास आयुक्त को निदेश दिया गया कि वे प्रतिदिन संदर्भित योजना का पर्यवेक्षण करते हुए उक्त योजना में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगी।

*(अनुपालनः उप विकास आयुक्त/नगर आयुक्त, छपरा नगर निगम/महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र/सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर पंचायत)*

ज्ञापांक 195 /सी0, दिनांक 11-03-2024

प्रतिलिपिः सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सारण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः उप विकास आयुक्त/अपर समाहर्त्ता/नगर आयुक्त, छपरा नगर निगम, सारण/जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सारण/वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः समाहरणालय स्थित सभी शाखाओं के कार्यालय प्रधान को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः जिला भू-अर्जन पदाधिकारी/जिला पंचायती राज पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला शिक्षा पदाधिकारी/विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय/जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन/अवर निर्वाचन पदाधिकारी, सारण एवं सोनपुर/जिला योजना पदाधिकारी/जिला मत्स्य पदाधिकारी/उत्पाद अधीक्षक, सारण/महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सारण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर/सोनपुर/मढ़ौरा तथा उप समाहर्त्ता, भूमि सुधार, सदर/सोनपुर/मढ़ौरा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः कार्यपालक अभियन्ता, पथ प्रमण्डल, छपरा/कार्यपालक अभियन्ता, बुडको, सारण/कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, छपरा पूर्वी एवं पश्चिमी/कार्यपालक अभियन्ता, लघु जल संसाधन विभाग, सारण/कार्यपालक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण अवर प्रमण्डल, सारण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी/कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर पंचायत, सारण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह0/- 11/3/24
जिलाधिकारी,
सारण, छपरा।



-58

# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम
## जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी का कार्यालय,जिला:-सारण

परिवाद संख्या- 999957928022523518

परिवाद प्राप्ति की तिथि- 28/02/2025

| | |
|---|---|
| परिवादी का नाम- | दिनेश कुमार |
| परिवादी का पता- | हल्दियां चवर वेटलैंड, प्रखंड-दरियापुर जिला-सारण |

**16/05/2025**

अंतिम विनिश्चय

परिवादी श्री दिनेश कुमार, ग्राम-हल्दिया चवर वेटलैंड, प्रखंड-दरियापुर, जिला-सारण ने सारण हल्दियाँ चवर वेटलैंड से प्रवासी पक्षियों के अवैध रूप से शिकार करने, मछली मारने एवं वंदोवस्ती स्थाई रूप से बंद करने के सम्वन्ध में परिवाद दायर किया गया है। लोक प्राधिकार-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण वन प्रमंडल, छपरा छपरा का प्रतिवेदन प्राप्त है, जिसका पत्रांक-391, दिनांक-05.03.2025 है। प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि वर्णित परिवाद के संबंध में कहना है कि परिवादी के परिवाद के आलोक में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, दिघवारा को वास्तविकता की स्थलीय जाँच हेतु निदेशित किया गया है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, दिघवारा द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि सारण कित हल्दियावर आर्दभूमि क्षेत्रों में गश्ती दल द्वारा गली (दिनांक- 15.11 2024. 13:12:2024) किया गया परंतु प्रवासी पक्षियों के अवैध शिकार से प्राप्त नहीं हुआ। विदित हो कि जिला पदाधिकारी, सारण की अध्यक्षता में दिनांक- 13.02.2025 को जिला आर्द्रभूमि समिति की संपन्न बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण को आर्यभूमि के क्षेत्रों में अवैध रूप से मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाने तथा जलकर बंदोबस्ती नहीं हो कि सतत निगरानी रखने हेतु निदेशित किया गया है। परिवादी को साक्ष्य/पक्ष प्रस्तुत करने हेतु ज्ञापांक-41711-19557, दिनांक-13.03.2025 से सूचना दी गई, परन्तु परिवादी उपस्थित नहीं हुए और न ही कोई पक्ष प्रस्तुत किया गया। परिवादी सूचना के बावजूद अपना कोई पक्ष नही रखें। लोक प्राधिकार से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिला पदाधिकारी, सारण की अध्यक्षता में दिनांक- 13.02.2025 को जिला आर्द्रभूमि समिति की संपन्न बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी, सारण को आर्यभूमि के क्षेत्रों में अवैध रूप से मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाने तथा जलकर बंदोबस्ती नहीं हो कि सतत निगरानी रखने हेतु निदेशित किया गया है। तदनुसार लोक प्राधिकार से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में परिवाद को स्वीकृत कर वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। लेखापित एवं संशोधित।

MD QUAMAR ALAM Digitally signed by MD QUAMAR ALAM Date: 2025.05.16 15:40:16 +05'30'

हस्ताक्षर
(जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी का कार्यालय,जिला:-सारण)

मछुआरों के द्वारा मशीन लगाकर पूरी तरह पानी निकाल कर (सुखा) कर मछली मारने पर जल्द से जल्द रोक प्रतिबन्ध लगाने के सम्बन्ध में ।

Inbox

D

**DINESH KUMAR SUMAN**
dineshkr707954@gmail.com
Hide details

To:

presidentofindia@rb.nic.in

secy.president@rb.nic.in

pstopresident@rb.nic.in

us.petitions@rb.nic.in

connect@mygov.nic.in

narendramodi1234@gmail.com

amitshah.mp@sansad.nic.in

amitshah.bjp@gmail.com

kiran pallera

contact@amitshah.co.in

dfosaran@gmail.com

rccfmuzaffarpur@gmail.com

cfmuzaffarpur@gmail.com

Date: 28 February 2025, 10:44

(भारतीय वन जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची 1,2,3, और 4 कि पूरी तरह से उल्लंघन किया जा रहा है इन मछुआरों के द्वारा।) विलुप्त प्राय प्रवासी पक्षियों का बहुत तेजी से शिकार किया जा रहा है बिहार राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन सारण से अनुरोध है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए मत्स्य विभाग के द्वारा हल्दियां चवर वेटलैंड के बंदोबस्ती समाप्त करते हुए यहाँ पर 5 पुलिसकर्मीयों को देखरेख के लिए स्थाई रूप से रखा जाएं।

**3 attachments**

PDF Wetland2.pdf

PDF DM Saran.pdf

PDF Letter No.277 (Haldiya Ch...